# ऐसे भी होते हैं घर

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 117)

➢ भूपेन के यहाँ, घर बाँस के खंभों पर क्यों बनाते हैं?

उत्तर भूपेन असम में रहता है। असम में बहुत बारिश होती है। इसलिये घरों को बाँस के खंभों पर बनाया जाता है, जिससे वे जमीन से काफी ऊँची रहे।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 118)

➢ इन मकानों की छतें कैसी हैं? इन्हें ऐसा क्यों बनाया जाता है?

उत्तर इन मकानों की छतें ढलान वाली होती हैं। इससे छतों पर बारिश का पानी नहीं इकट्ठा हो पाता है।

➢ इन मकानों में अंदर जाने का क्या तरीका है?

उत्तर इन मकानों में अंदर जाने के लिए लोग बाँस की सीढ़ियों का इस्तेमाल करते हैं।

➢ रात के समय इन मकानों की सीढ़ी हटा देते हैं। क्यों?

उत्तर ताकि कोई जानवर घर में न घुस जाये।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 119)

➢ चमेली का घर किस इलाके में है?

उत्तर चमेली का घर मनाली में है, जो एक पहाड़ी इलाका है।

➢ चमेली और भूपेन के मकानों की छतों में क्या समानता है?

उत्तर दोनों की छतें ढलान वाली हैं।

➢ ऐसी छतें इन इलाकों में कैसे मदद करती हैं?

उत्तर ऐसी छतों पर बारिश का पानी या बर्फ जमा नहीं हो पाता है।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 120)

➢ बहुमंजिले मकानों के ऊपर कैसे चढ़ते होंगे?

उत्तर बहुमंजिले मकानों के ऊपर चढ़ने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल किया जाता है।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 121)

➢ हाउस बोट दूसरे घरों से अलग है। कैसे?

उत्तर हाउस बोट तैरते रहते हैं, जबकि दूसरे घर एक जगह स्थिर रहते हैं।

➢ क्या तुम ऐसे घर में रहना पसंद करोगे? क्यों?

उत्तर हाँ, मैं ऐसे घर में रहना पसंद करूँगा। क्योंकि मुझे नाव की सवारी करना और मछलियाँ पकड़ने में मजा आता है।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 122)

➢ चित्र देखकर मिलान करो।

उत्तर

| | |
|---|---|
|  | बर्फ का घर |

| | |
|---|---|
|  | हाउस बोट |
|  | बहुमंजिला मकान |
|  | तंबू |
|  | झोंपड़ी |

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 123)

➢ तुम्हारा घर किन-किन चीजों से बना है। उनके नाम पर (✓) का निशान लगाओ।

**उत्तर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घास | ………… | मिट्टी | ………… | लकड़ी | ✓ | सीमेंट | ✓ |
| केनवास | ………… | लोहा | ✓ | प्लास्टिक | ………… | चूना | ✓ |
| बाँस | ………… | ईटें | ✓ | काँच | ✓ | पत्थर | ✓ |

➢ अपने घर के आस-पास के मकानों को देखो। वे किन-किन चीजों से बने हैं? उन चीजों की सूची बनाओ।

**उत्तर** ईंट, सीमेंट, बालू, लोहा, ग्लास, पत्थर, लकड़ी, मिट्टी।

➢ मकान जिन चीजों से बनते हैं, उन चीजों के नमूनों को इकट्ठा करो।

**उत्तर** स्वयं करो।

➢ कई तरह के घरों के चित्र इकट्ठे करो या उनके चित्र बनाओ। चित्रों से एक सुंदर चार्ट बनाओ। कक्षा में उसे सजाओ।

**उत्तर** स्वयं करो।